भैरव सेना बंदरों को 101 दर्जन केले खिलाते हुए।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### लॉक 20 बीघा में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति शुरू

**संवाददाता** ऋषिकेश। कोरोना संक्रमित मिलने के बाद लॉक बापूग्राम के 20 बीघा क्षेत्र के लोगों को प्रशासन ने आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराई। यहां परिवार के एक सदस्य को खरीददारी की छूट दी गई। एम्स के एक नर्सिंग अधिकारी में कोरोना वायरस रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद उसे एम्स के आइसोलेशन वार्ड में भर्ती करा दिया गया था। जिलाधिकारी के आदेश पर तीन मई तक 20 बीघा गली नंबर तीन क्षेत्र को सील कर दिया गया है। यहां परिवार के एक सदस्य को आवश्यक वस्तुएं खरीदने के लिए घर से निकलने की छूट दी गई है।

### कोरोना वॉरियर्स को समर्पित किया जन्मदिन

**संवाददाता** देहरादून। भारतीय जनता पार्टी बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की महानगर संयोजिका मधु जैन ने आज अपना जन्मदिन कोरोना वॉरियर्स को समर्पित करते हुए मनाया। इस अवसर पर आज वह जिला अस्पताल में जाकर वहां के डॉक्टरों स्टाफ नर्स सुरक्षाकर्मी और सफाई कर्मचारियों को मॉस्क और सैनिटाइजर प्रदान किया। उन्होंने कहा कि यह लोग अपना घर–बार छोड़कर हम लोगों की सुरक्षा में लगे हुए हैं इन सबके लिए प्रार्थना किया है कि वह हमेशा स्वस्थ रहें। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. बीसी रमोला ने मधु जैन को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि आज आप ने जो इन वीरों के लिए सोचा है वह बहुत नेक और सुंदर कार्य है।

### मोदी किट व टिफिन से कर रहे जरूरतमंदों की मदद

**संवाददाता** देहरादून। भारतीय जनता पार्टी जिला देहरादून मीडिया प्रभारी सम्पूर्ण सिंह रावत ने बताया कि शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए सात सुझाव व सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए जिले के सभी 17 मंडलों में लॉक डाउन के बाद से आज तक जिलाध्यक्ष शमशेर सिंह पुण्डीर के नेतृत्व में योजनाबद्ध व निरन्तर प्रयास से मोदी किट व मोदी टिफिन के माध्यम से जरुरतमंदों को राशन व भोजन उपलब्ध कराया गया है।

### अमेजन इंडिया ने भारतीय रेल्वेज के साथ अपनी भागीदारी को मजबूत किया

**संवाददाता** देहरादून। अमेजन इंडिया ने आज घोषणा की है कि उसने देश भर में रेल के माध्यम से माल के परिवहन हेतु भारतीय रेल्वेज के साथ अपनी भागीदारी को मजबूत किया है। कंपनी लॉकडाउन की अवधि में अपने परिचालन को 55 लेन्सस तक बढ़ाने के लिये भारतीय रेल्वेज द्वारा पेश की गई 'कोविड–19 पार्सल स्पेशल ट्रेनों' का उपयोग कर रही है। हम इस भागीदारी के आधार पर इस महत्वपूर्ण समय में उद्योग द्वारा ग्राहकों को सेवा देने में मदद करते रहेंगे।

## पहाड़ों में बर्फबारी से एक बार फिर लौटी सर्दी

**संवाददाता** देहरादून। गढ़वाल मंडल में मौसम का मिजाज बदलता जा रहा है। केदारनाथ, बदरीनाथ, हेमकुंड साहिब समेत ऊंची चोटियों में बर्फबारी हुई, जबकि निचले इलाकों में जोरदार बारिश से तापमान में गिरावट आई। वहीं गंगोत्री–यमुनोत्री धाम में भी मौसम साफ रहा। वर्तमान में केदारनाथ धाम में लगभग पांच फीट बर्फ जमी है।

रुद्रप्रयाग जिले में सुबह से ही आसमान में बादल छाने लगे थे। दोपहर बाद मौसम खराब होने के साथ ही तेज हवा चलने लगी। केदारनाथ धाम समेत ऊंची चोटियों पर बर्फबारी शुरू हो गई। वहीं जिला मुख्यालय समेत तिलवाड़ा, अगस्त्यमुनि, चंद्रापुरी, ऊखीमठ, फाटा, गुप्तकाशी, गौरीकुंड, मयाली, जखोली, चोपड़ा व चोपता समेत कई स्थानों पर जोरदार बारिश होने से मौसम ठंडा हो गया। सीमांत चमोली जिले में मौसम का मिजाज समय–समय पर बदल रहा है। दोपहर बाद जिला मुख्यालय गोपेश्वर के अलावा अन्य निचले क्षेत्रों में तेज बारिश हुई। जबकि बदरीनाथ धाम, हेमकुंड साहिब, फूलों की घाटी सहित ऊंची चोटियों पर बर्फबारी हुई है। कर्णप्रयाग विकासखंड के ऊंचाई वाले क्षेत्रों सहित देवाल, गैरसैंण, थराली के दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में भी रिमझिम बारिश होती रही। कोरोना संक्रमण के चलते जारी लॉकडाउन में भले ही कृषि कार्यों के लिए छूट दी जा रही हो, लेकिन लगातार बदले मौसम से बुआई व कटाई का कामकाज बुरी तरह प्रभावित है।

# उत्तराखंड के पर्वतीय जिले कोरोना के प्रभाव से है मुक्त

**वीडियो कांफ्रेंसिग**

सीएम ने सीआईआई द्वारा आयोजित उत्तर भारत वर्चुअल कॉन्फ्रेंस में किया प्रतिभाग

प्रदेशवासियों एवं उद्योग जगत ने संयम से लॉक डाउन का पालन किया

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीआईआई द्वारा आयोजित उत्तर भारत वर्चुअल कॉन्फ्रेंस में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना महामारी से भारत ही नहीं बल्कि विश्व की अर्थव्यवस्था प्रभावित हुई है। देश में औद्योगिक गतिरोध उत्पन्न हुआ है, इस कान्फ्रेंस से नई आशा एवं विश्वास का संचार होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 22 मार्च से प्रदेश में लॉकडाउन हो गया था। प्रदेशवासियों एवं उद्योग जगत ने संयम से लॉक डाउन का पालन किया है। उत्तराखंड में अभी तक कोरोना के 52 पाजिटिव मामले आए हैं, जिसमें से 33 लोग स्वस्थ हो चुके हैं। उत्तराखंड के पर्वतीय जिले कोरोना के प्रभाव से मुक्त हैं।



मुख्यमंत्री ने कहा कि सीआईआई समाज के सक्षम वर्ग का प्रतिनिधित्व करता है और ऐसे समय में सीआईआई अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन सरकार के साथ कन्धे से कन्धा मिलाकर कर रहा है। मुख्यमंत्री राहत कोष में भी उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने अहम योगदान दिया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत सरकार के आदेश के बाद राज्य में उद्यमियों की सुविधा के लिए उद्योग के संचालन की अनुमति हेतु एकल खिड़की की व्यवस्था की गई है। इस व्यवस्था के माध्यम से 20 अप्रैल से अभी तक 1171 उद्योगों को संचालन की अनुमति दी गई है। राज्य में फार्मा तथा खाद्य पदार्थ उत्पादन की 1884 ईकाइयों के संचालन की अनुमति दी गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आईटीसी हिन्दुस्तान यूनिलीवर, नेस्ले, ब्रिटानिया व डाबर जैसे बड़े उद्योग अपना उत्पादन प्रारम्भ कर चुके हैं। ऑटो सेक्टर की टाटा मोटर्स, हीरो मोटोकॉर्प, अशोका ली लैंड व महिन्द्रा ने भी उत्पादन प्रारम्भ कराने के लिए पूरी तैयारी कर ली है। कोविड–19 आपदा से राज्य की आर्थिकी पर पड़ रहे दुष्प्रभावों के निराकरण के लिए प्रदेश की आर्थिकी को सुदृढ़ करने के विभिन्न उपायों एवं विकल्पों का त्वरित अध्ययन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए सेवानिवृत्त आई.ए.एस अधिकारी इन्दु कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई है।

लम्बित जल संयोजन/उपयोग प्रभार, सीवर शुल्क आदि भुगतान करने की तिथि 31 मई 2020 तक, जल एवं वायु प्रदूषण नियंत्रण अधिनियम के तहत सहमति के स्वतः नवीनीकरण की तिथि 30 जून 2020 तक बढ़ाई गई है। इसके अलावा भवन एवं अन्य निर्माण कार्य में लगे श्रमिकों को 2–2 हजार रूपये की वित्तीय सहायता दी गई है।

# एसडीआरएफ की टीम प्रयागराज से 75 छात्रों को लेकर आई दून

**राहत**

■दून से प्रयागराज को उत्तराखंड परिवहन के 4 बस गई

देहरादून। **संवाददाता**

कोटा मथुरा सफल अभियान के बाद एसडीआरएफ की टीम ने प्रयागराज उत्तरप्रदेश में फंसे 75 छात्रों को देहरादून ले आई। कैम्प कार्यालय पर पत्रकारों से वार्ता में सेनानायक तृप्ति भट्ट ने बताया कि यह अभियान दिनांक 26 अप्रैल को आरम्भ हुआ था। अभियान में एसडीआरएफ के 6 जवान छात्रों को लेने के लिए देहरादून से प्रयागराज को उत्तराखंड परिवहन के 4 बस लेकर रवाना हुए। 27 अप्रैल को लगभग 10 बजे यह टीम प्रयागराज पहुंची। सभी छात्रों का चिकित्सीय प्रशिक्षण एवं आवश्यक सेनेटाइजेशन किया गया।

सभी छात्रों का तापमान सामान्य पाया गया। सभी को सेनेटाइजर एवं मास्क दी गए। साथ ही नाम, पता और मोबाइल नम्बर इत्यादि नोट किए गए। इसके बाद छात्रों को लेकर टीम देहरादून के लिए रवाना हुई। टीम सभी छात्रों को लेकर मंगलवार सुबह करीब 9 बजे स्पोर्ट्स कॉलेज रायपुर देहरादून पहुंची। सभी जवानों एवं छात्रों को सुरक्षा की दृष्टि से क्वारंटाइन किया गया है।

उन्होंने बताया कि कोटा मथुरा अभियान के पश्चात भी 39 जवानों के पंतनगर एवं ग्राफिक एरा में क्वारंटाइन किया गया है। प्रयागराज से देहरादून पहुंचे 75 छात्रों में 68 छात्र देहरादून, 5 छात्र उत्तरकाशी, एवं 1–1 छात्र चमोली एवं टिहरी के निवासी है। अभिभावकों से बच्चों को 14 दिन तक होम क्वारंटाइन रहने का निर्देश दिया गया है।

## पांवटा साहिब में फंसे 27 युवाओं को लाया गया दून

पांवटा साहिब में फंसे देहरादून समेत गढ़वाल मंडल के 27 युवाओं को जिला प्रशासन सोमवार को दून ले आया। इनमें से तीन युवा दून के, जबकि बाकी टिहरी, चमोली, उत्तरकाशी व रुद्रप्रयाग के हैं। दून के तीनों युवाओं को घर पहुंचा दिया गया है और बाकी को मंगलवार सुबह रवाना कराया जाएगा। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) बीर सिंह बुदियाल ने बताया कि ये युवा चंडीगढ़, हरियाणा व हिमाचल प्रदेश में काम करते थे। लॉकडाउन के चलते जब काम बंद हो गया तो ये पैदल ही उत्तराखंड के लिए रवाना हो गए। इन्हें पांवटा साहिब में 30 मार्च से लेकर दो अप्रैल के बीच क्वारंटाइन कर दिया गया था। सभी का स्वास्थ्य दुरुस्त पाए जाने पर जिला प्रशासन ने इन्हें लेने के लिए रोडवेज की बस सोमवार सुबह रवाना की थी।

## पूरे लॉकडाउन तक चलता रहेगा सेवा का कामः धस्माना

**संवाददाता** देहरादून। प्रेमनगर में जरूरतमंद गरीब लोगों के पास राशन के अभाव की सूचना पा कर उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष व देवभूमि मानव संसाधन विकास ट्रस्ट के अध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना तत्काल अपनी मोबाइल डिलीवरी एम्बुलेंस के साथ प्रेमनगर पहुंच गए और सूचना देने वाले अपने सहयोगी आशीष देसाई को आवश्यकता अनुसार राशन की किट उपलब्ध करवाई। इससे पूर्व उनको कौलागढ़ के सहयोगी विपुल नौटियाल ने फोन से सूचना दी कि 18 श्रमिक परिवारों के पास राशन खत्म हो गया है व पैसे न होने के कारण मुश्किल में है इस पर धस्माना तत्काल कौलागढ़ पहुंचे व सभी 18 परिवारों को राशन किट दी। धस्माना दून के हर क्षेत्र में बिना जाती धर्म भाषा क्षेत्र के भेद भाव के मदद करने का काम करने के साथ सफाई सैनिटाईजेशन में लगे कर्मियों, सुरक्षा कर्मियों की सेवा व सम्मान का कार्यक्रम भी साथ साथ चला रहे हैं।

In a Digital World Why To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code
Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के. प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०-
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं०
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।